https://gujaratkikhabar.com/edii-and-ncw-culminate-100-entrepreneurship-awareness-programmes-sensitizing-5796-women-entrepreneurs-across-india/

# भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान और राष्ट्रीय महिला आयोग ने किया ने किया 100 'एंटरेप्रेन्योरशिप अवेयरनैस प्रोग्रामों (उद्यमिता जागरुकता प्रोग्रामों)' का समापन, देश भर में 5796 महिला उद्यमियों को बनाया जागरुक

By

**gujaratkikhabar_editor**

-

July 25, 2024

**अहमदाबाद, 25 जुलाई, 2024:** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद  25 जुलाई 2024 को अपने परिसर में 100 'एंटरेप्रेन्योरशिप अवेयरनैस प्रोग्रामों (उद्यमिता जागरुकता प्रोग्रामों)' के भव्य समापन का आयोजन कर रहा है। इस अवसर पर 35 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में भावी महिला उद्यमियों के लिए आयोजित 100 एंटरेप्रेन्योरशिप अवेयरनैस प्रोग्रामों का समापन समारोह होगा। परियोजन का संचालन राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग एवं समर्थन से किया गया था। इसका उद्घाटन 2 जून 2023 को उज्जैन में हुआ था।

भव्य समापन समारोह के दौरान गुजरात सरकार से श्री हर्ष संघवी, माननीय राज्य, गृह, उद्योग, सांस्कृतिक गतिविधि (राज्य मंत्री), खेल, युवा सेवा (स्वतन्त्र प्रभार) मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन मिस रेखा शर्मा माननीय अतिथि थीं। साथ ही भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ला भी समारोह में शालि हुए।

एंटरेप्रेन्योरशिप अवेयरनैस प्रोग्राम महिलाओं को उद्यमिता को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। इनका उद्देश्य महिलाओं में उद्यमिता कौशल विकसित करना तथा उन्हें अपना कारोबार करने के लिए ज़रूरी ज्ञान, कौशल एवं मार्गदर्शन प्रदान करना था। परियोजना में हिस्सा लेने वाली महिलाओं को उद्यमियों, सरकारी अधिकारियों, बैंकर्स, मार्गदर्शकों एवं इनोवेटर्स के साथ बातचीत करने और नेटवर्किंग के अवसर मिले। अब तक 35 राज्यों/ केन्द्रशासित प्रदेशों में एंटरेप्रेन्योरशिप अवेयरनैस प्रोग्रामों के ज़रिए 5796 भावी महिला उद्यमियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इन प्रोग्रामों ने इनोवेशन को बढ़ावा देते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया है।

**श्री हर्ष संघवी,** माननीय राज्य, गृह, उद्योग, सांस्कृतिक गतिविधि (राज्य मंत्री), खेल, युवा सेवा (स्वतन्त्र प्रभार) मंत्री, गुजरात सरकार ने समाज में महिला उद्यमितजा के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहा, ''हमारे देश के विकास के लिए महिला उद्यमियों को अनुकूल माहौल प्रदान करना ज़रूरी है। महिलाओं को सशक्त बनाने से न सिर्फ समाज सशक्त बनता है बल्कि देश का विकास भी होता है। सरकार भारत में महिला-उन्मुख विकास एजेंडा को बढ़ावा देने के प्रयास में महिला नेतृत्व और सशक्तीकरण को प्रोत्साहित कर रही है। ऐसे में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान और राष्ट्रीय महिला आयोग के बीच साझेदारी महिला उद्यमियों की क्षमता निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें अनुकूल वातावरण प्रदान कर सफलता हासिल करने में सक्षम बनाएगी।''

महिला सशक्तीकरण के प्रयासों की सराहना करते हुए **श्रीमति रेखा शर्मा,** चेयरपर्सन, राष्ट्रीय महिला आयोग ने कहा, ''हमने सफलतापूर्वक 100 'एंटरेप्रेन्योरशिप अवेयरनैस प्रोग्राम पूरे कर लिए हैं, जिससे देश के विभिन्न क्षेत्रों की 5796 महिलाओं ने अपनी क्षमता को पहचाना। इन प्रोग्रामों के लिए हमें बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली, जहां महिलाओं ने अपनी योजनाओं के साथ आगे बढ़ने और अपना खुद का उद्यम शुरू करने की योजनाओं में आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति की। मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में बड़ी संख्या में महिलाएं सफल उद्यमी के रूप में विकसित होंगी और अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेंगी। इस यात्रा में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान से मिला सहयोग बेहद कारगर साबित हुआ है।'

**डॉ सुनील शुक्ला**, महानिदेशक, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा, ''भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान महिला उद्यमिता जागरुकता एवं विकास प्रोग्रामों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध रहा है। हमें खुशी है कि हमें भावी महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग के साथ साझेदारी का मौका मिला। इन प्रोग्रामों ने महिलाओं में कौशल एवं क्षमता के विकास तथा सकारात्मक मानसिकता को सुनिश्चित किया है, जिससे इन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। हमने राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से जो प्रगति की है, उस पर हमें गर्व है। आने वाले समय में भी हम महिला उनमुख उद्यमिता को गति प्रदान करने के प्रयास जारी रखेंगे।'

कार्यक्रम का समापन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ बैशाली मित्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।